भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †310

सोमवार, 5 फरवरी, 2024/16 माघ, 1945 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

शिवगिरी पर्यटन परिपथ परियोजना

†310. एडवोकेट अदूर प्रकाश:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत केरल में शिवगिरी पर्यटन परिपथ परियोजना के अंतर्गत पूरे किए गए कार्यों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है की केरल में शिवगिरि पर्यटन परिपथ परियोजना एक वर्ष की लक्षित अवधि पूरा होने के बाद भी विलंब से चल रही है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और विलंब के क्या कारण हैं;

(घ) परियोजना के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है और आज की स्थिति के अनुसार स्वीकृत, जारी की गई और उपयोग की गई निधि का ब्यौरा क्या है;

(ङ) अगली किस्त कब तक जारी किए जाने की संभावना है; और

(च) सरकार द्वारा इस परियोजना को अविलम्ब पूरा करने के लिए किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (च): पर्यटन मंत्रालय ने वर्ष 2018-19 में स्वदेश दर्शन योजना के तहत "शिवगिरी श्री नारायण गुरु आश्रम - अरुवीपुरम- कुन्नमपारा श्री सुब्रहमनिया- चेम्बजंथी श्री नारायण गुरुकुलम का विकास" परियोजना को स्वीकृत किया था। इस परियोजना को 24 माह की अवधि में पूरा किया जाना था। इस परियोजना को जुलाई, 2022 में 66.42 करोड़ रुपये की राशि के साथ फिर से संशोधित किया गया। तीन किस्तों में कुल 42.01 करोड़ रुपए जारी/प्राधिकृत किए गए हैं और अब तक इस परियोजना के तहत कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा 16.19 करोड़ रुपए के उपयोग की सूचना दी गई है।

दिशा-निर्देशों के अनुसार, अगला अनुमोदन पहली और दूसरी किस्त के 100% उपयोग और तीसरी किस्त के न्यूनतम 75% के उपयोग एवं निर्धारित प्रपत्र में उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के अध्यधीन है।

इस परियोजना के लिए भारत पर्यटन विकास निगम (आईटीडीसी) कार्यान्वयन एजेंसी है, जिसके द्वारा सूचित किया गया है कि स्थानीय प्राधिकरणों से अनुमति प्रतीक्षित है।

आईटीडीसी ने सूचित किया है कि परियोजना के तहत 04 विभिन्न स्थलों पर निम्नलिखित कार्य पूरे हो गए हैं

कुन्नुपारा:
पर्यटक सुविधा केंद्र, प्रवेश द्वार, व्यू पॉइंट डेक, जन सुविधाएं (सं.2), ओवर हेड वॉटर टैंक, पार्किंग क्षेत्र, क्राफ्ट बाजार, रेन शेल्टर का निर्माण तथा अन्य विकास कार्य।

चेम्पजंथी :
पार्किंग का निर्माण और अन्य विकास कार्य, पर्यटक सुविधा केंद्र। एलआईटीसी का एलईडी सौर स्ट्रीट लाइट प्रदिप्तीकरण।

अरुविप्पुरम:
सामुदायिक किचन, व्यू डेक प्वाइंट, विश्राम भवन, प्रवेश द्वार, 8 सीटर (सं.1) और 4 सीटर (सं.2) बैटरी चालित इलेक्ट्रिक वाहन की आपूर्ति और परीक्षण, सीसीटीवी कैमरा और एसआईटीसी का एलईडी सौर स्ट्रीट लाइट प्रदिप्तीकरण।

शिवगिरी:
पार्किंग, रेन शेल्टर, बस शेल्टर का निर्माण और अन्य विकास कार्य, 8 सीटर (सं.2) और 4 सीटर (सं.3) बैटरी संचालित इलेक्ट्रिक वाहन की आपूर्ति और परीक्षण एसआईटीसी का सीसीटीवी कैमरा और एलईडी सौर स्ट्रीट लाइट।

******